# सिएटल टेक्नोलॉजी एक्सेस रिपोर्ट 2024: मुख्य निष्कर्ष

"सभी सिएटल निवासियों की समावेशिता, शैक्षिक सफलता और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, हमें सभी के लिए डिजिटल समानता के लिए भी कोशिश करनी चाहिए।"
*– Mayor Bruce Harrell*

## यह अध्ययन किस बारे में था?



सिएटल शहर यह समझना चाहता था कि निवासी तकनीक और इंटरनेट का इस्तेमाल किस प्रकार करते हैं। उन्होंने 4,600 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया ताकि निम्नलिखित बातें जान सकें:

- इंटरनेट का एक्सेस किसके पास है
- लोग कौन से उपकरण इस्तेमाल करते हैं
- लोग तकनीक का इस्तेमाल कितनी सहजता से कर रहे हैं
- कौन सी बाधाएं लोगों को ऑनलाइन होने से रोकती हैं

## इंटरनेट तक किसकी पहुंच है



- · सिएटल के 98% परिवार घर पर इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकते हैं (2018 में 95% से ज़्यादा)
- हालाँकि, निम्न कुछ निवासियों को ऑनलाइन होने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है:

- कम आय वाले लोग
- जो लोग अंग्रेजी को अपनी मूल भाषा के रूप में नहीं बोलते
- अक्षमताओं वाले लोग
- अश्वेत एवं मूल अमेरिकी निवासी
- वृद्ध वयस्क

# इंटरनेट की लागत इसकी पहुंच और इस्तेमाल को प्रभावित करती है



- अधिकांश परिवार इंटरनेट के लिए प्रति माह कम से कम $100 का भुगतान करते हैं
- निम्न आय वाले परिवार अपनी आय का लगभग 5% इंटरनेटपर खर्च करते हैं, जबकि औसत परिवार 2.2% खर्च करता है
- ऐसे प्रोग्राम उपलब्ध हैं जो पात्र परिवारों को इंटरनेट सेवा पर पैसा बचाने में मदद कर सकते हैं, लेकिन कई लोग उनके बारे में नहीं जानते हैं या उनका इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं।

# सिएटल में लोग कौन से उपकरण इस्तेमाल कर रहे हैं



- लगभग सभी घरों (95%) में स्मार्टफोन हैं
- 86% के पास लैपटॉप हैं
- 67% के पास टैबलेट हैं
- कुछ घरों में परिवार के सदस्यों को आपस में डिवाइस शेयर करने पड़ते है, जिससे काम करना, पढ़ाई करना या सेवाओं को एक्सेस करना मुश्किल हो जाता है

# लोगों को अधिक डिजिटल कौशल की जरूरत है



- सिएटल के लगभग 60% निवासी सभी बुनियादी डिजिटल काम करने में सहज हैं
- बहुत से लोग निम्नलिखित के बारे में अधिक जानना चाहते हैं:
    - - अपनी व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन सुरक्षित रखना
    - - बुनियादी कंप्यूटर कौशल
    - - सॉफ्टवेयर और एप्लिकेशन का इस्तेमाल करना
    - - ऑनलाइन नौकरी ढूंढना

## कौन पीछे छूट गया

**अध्ययन में पाया गया कि इन समूहों को तकनीक का इस्तेमाल करने में अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है:**

- **वृद्ध वयस्क**
- **अक्षमताओं वाले लोग**
- **जो लोग अंग्रेजी को अपनी मूल भाषा के रूप में नहीं बोलते**
- **कम आय वाले लोग**
- **अश्वेत एवं मूल अमेरिकी निवासी**

## सिएटल इस बारे में क्या करेगा

**शहर निम्नलिखित कार्य कर रहा है:**

1. **डिजिटल एक्सेस प्रोग्रामों के लिए अधिक समर्थन प्राप्त करने हेतु इन निष्कर्षों को व्यापक रूप से साझा करना**
2. **लोगों को इंटरनेट डिस्काउंट प्रोग्रामों के बारे में जानने और उनमें शामिल होने में मदद करना**
3. **लोगों को उनकी ज़रूरत के उपकरण पाने में मदद करना**
4. **प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने के लिए सामुदायिक संगठनों के साथ काम करना**
5. **लोगों के लिए तकनीक से संबंधित सहायता प्राप्त करना आसान बनाना**
6. **मजबूत सार्वजनिक और निजी भागीदारी का निर्माण करना तथा पूरे शहर में डिजिटल एक्सेस बेहतर बनाना**

## यह क्यों मायने रखता है



**विश्वसनीय इंटरनेट एक्सेस और तकनीक का इस्तेमाल करना जानना निम्नलिखित के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है:**

- **काम**
- **विद्यालय**
- **स्वास्थ्य देखभाल**
- **सरकारी सेवाएं**
- **परिवार और समुदाय से जुड़े रहना**
- **जानकारी और संसाधन ढूँढना**

**शहर यह सुनिश्चित करना चाहता है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास वे उपकरण और कौशल हों जिनकी उन्हें हमारी तेजी से डिजिटल होती दुनिया में भाग लेने के लिए जरूरत है। इस अध्ययन में भाग लेने वाले समुदाय के सभी सदस्यों को धन्यवाद।**

**डिजिटल समावेशन पर शहर के काम को यहां देखा जा सकता है www.seattle.gov/tech**

Seattle Information Technology